प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.05.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रदेश की 7 विभूतियों समेत 66 लोगों को प्रदान किए पद्म पुरस्कार : वाराणसी की डॉ.एन. राजम को कला के क्षेत्र में पद्म विभूषण, जबकि डॉ राजेंद्र प्रसाद समेत 6 अन्य लोग पद्म श्री से अलंकृत।
2. अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबीयो ने आगरा पहुंच कर किया ताजमहल का दीदार : स्मारक की सुंदरता का जमकर सराहा।
3. उत्तर प्रदेश विधान परिषद के स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिये 5 भाजपा प्रत्याशियों का ऐलान : लखनऊ से अवनीश कुमार सिंह उम्मीदवार।

और

4. प्रदेश भर में भीषण गर्मी और हीट वेव का प्रकोप जारी : मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में लू का सिलसिला जारी रहने का जताया अनुमान।

————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में 66 विभूतियों को वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कार प्रदान किए। समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी उपस्थित रहे। आज के समारोह में उत्तर प्रदेश की डॉ0 एन. राजम को पद्म

विभूषण से सम्मानित किया गया, जबकि अलग–अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रदेश के 6 अन्य लोगों को पद्म श्री से सम्मानित किया गया। एक रिपोर्ट.....

*सरकार ने इस वर्ष कुल 131 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की है। इनमें  दो पद्म विभूषण, छह पद्म भूषण और 58 पद्म श्री शामिल हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों आज 66 लोगों को पद्म पुरस्कारों से अलंकृत किया गया। उत्तर प्रदेश से आज 7 विभूतियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए गए। इनमें कला के क्षेत्र में डॉ. एन राजम को पदम विभूषण से सम्मानित किया गया। डॉ केवल कृष्ण ठकराल, डॉ राजेंद्र प्रसाद और डॉ. श्याम सुंदर को चिकित्सा, डॉ. अशोक कुमार सिंह को विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, जॉ बुद्ध रश्मि मणि को पुरातत्व विज्ञान और प्रवीण कुमार को खेल के लिए पद्म श्री से सम्मान किया गया, शेष पद्म पुरस्कार समारोह के दूसरे चरण में प्रदान किये जायेंगे। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

——————————

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबीयो  ने आज आगरा पहुंचकर ताजमहल का दीदार किया। उनके साथ उनकी पत्नी और उच्च प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद रहा। आगरा पहुँचने पर उनका स्वागत जिलाधिकारी मनीष बंसल और पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने किया। एक रिपोर्ट–

*अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबीयो  ने करीब  40 मिनट तक ताजमहल का दीदार  किया। ताजमहल भ्रमण के दौरान उन्होंने पत्नी के साथ डायना बैंच पर फोटो सेशन कराया। साथ ही गाइड से ताजमहल के इतिहास, निर्माण और पच्चीकारी के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस मौके पर उन्होने स्मारक की खूबसूरती की जमकर प्रशंसा की। श्री रूबियो ने विजिटर बुक पर इस इमारत की खूबसबरती देखने का अवसर दिए जाने पर आभार जताया। सज्जन सागर आकाशवाणी समाचार आगरा।*

——————————

पेट्रोल की कीमतों में आज दो रुपये 61 पैसे और डीजल में दो रुपये 71 पैसे प्रति लीटर की बढोत्तरी की गयी है। पेट्रोल और डीजन के मूल्य में यह पिछले दो सप्ताह में चौथी वृद्धि है। अब लखनऊ में पेट्रोल की कीमत 101 रुपये नवासी पैसे प्रति लीटर हो गई है, जबकि डीज़ल 95 रुपये छत्तीस पैसे प्रति लीटर मिलेगा।

—————————

उत्तर प्रदेश विधान परिषद में 11 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने 5 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। उम्मीदवारों की इस सूची में मेरठ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से श्रीचंद शर्मा को प्रत्याशी घोषित किया गया है। वहीं बरेली–मुरादाबाद शिक्षक सीट पर डा.हरि सिंह ढिल्लों को प्रत्याशी बनाया गया है। लखनऊ में स्नातक सीट पर अवनीश कुमार सिंह, जबकि शिक्षक सीट पर उमेश द्विवेदी को मैदान में उतारा गया है। आगरा की स्नातक सीट पर डा. मानवेंद्र प्रताप सिंह पार्टी प्रत्याशी होंगे।

—————————

एन.टी.ए. ने 28 मई को होने वाली संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा की तारीख आगे बढ़ा दी है। एजेंसीने कहा कि बकरीद की तिथि में बदलाव के कारण यह निर्णय लिया गया है। संशोधित परीक्षा तिथि की सूचना

जल्द ही दी जाएगी। ताजा जानकारी के लिए विद्यार्थी, एनटीए की आधिकारिक वेबसाईट देख सकते हैं।

———————————

गंगा दशहरा के अवसर पर प्रदेश के सभी प्रमुख मंदिरों और पावन नदियों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रहे हैं। फर्रुखाबाद में भी गंगा दशहरा के पावन पर्व पर श्रदालु गंगा तट पर पवित्र डुबकी लगा रहे हैं। जिला प्रशासन ने गंगा तट को 4 सेक्टर में बांटा है। गंगा नदी में 50 नाव और करीब 50 गोताखोरों की भी तैनाती की गई है। हापुड के गढ़मुक्तेश्वर में भी आस पास क ज़िलों और राज्यों से लोग गंगा स्नान करने पहुंच रहे हैं। प्रयागराज में सभी प्रमुख घाटों पर भोर से ही भक्त गंगा में स्नान कर पूजा अर्चना कर रहे हैं। एक रिपोर्ट.....

*संगम नगरी प्रयागराज में गंगा दशहरे के पावन पर्व पर श्रद्धालु त्रिवेणी संगम सहित रामघाट दारागंज और वीआईपी श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। इस पवित्र पर्व पर गंगा स्नान करने के लिए कल रात से ही आसपास के जनपदों और राज्यों से भी श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। भक्तों ने गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर प्रार्थना, दान और भेंट अर्पित कर समृद्धि और खुशहाली की कामना की। भारी भीड़ के मद्दनज़र सुरक्षा व्यवस्था के लिए घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार प्रय़ागराज।*

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम परिवार की स्थापना की पहली वर्षगांठ पर कल विशेष अनुष्ठान होंगे। इस अवसर पर भगवान रामके संपूर्ण परिवार को नए वस्त्र धारण कराने के साथ 56 भोग लगाए जाएंगे। एक रिपोर्ट–

*पिछले वर्ष गंगा दशहरे के मौके पर शेषावतार व परकोटा में बने 6 मंदिरों की स्थापना हुईथी, जिसकी कल पहली वर्षगांठ मनाई जाएगी। इस मौके पर राम मंदिर यज्ञशाला में विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किया जाएगा। साथ ही भागवान राम के संपूर्ण परिवार को नए वस्त्र पहनाये जाएंगे और 56 भोग लगाए जाएंगे। इस अवसर पर बाल्मीकि रामायण का पारायण भी होगा। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

———————

प्रदेश भर में भीषण गर्मी और हीट वेव का प्रकोप जारी है। बीते 24 घंटों में बांदा 46 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रदेश के सबसे गर्म जनपद के रूप में दर्ज किया गया। वहीं झांसी, प्रयागराज, जालौन, उरई, आगरा और हमीरपुर में पारा 45 डिग्री के पार रहा। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अमरोहा में मीडिया से

बातचीत में कहा कि सरकार ने हीटवेव से बचाव के लिए एडवायज़री जारी की है। साथ ही अस्पतालों में पर्याप्त इंतज़ाम सुनिश्चित किए हैं। बाइट.....

*जिले के सभी अस्पतालों में बेड आरक्षित करने के साथ–साथ दवाइयों का इंजाम किया गया है। ओआरएस घोल को सभी आशा वर्कर के माध्यम से गांव–गांव पहुंचाया जा रहा है और यदि किसी को किसी सहायता की आवश्यकता पड़ती है उसके लिए इंतजामात करने के निर्देश दिए गए हैं।*

तेज़ गर्मी के मद्देनज़र वाराणसी में जिला प्रशासन ने हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए व्यापक इंतज़ाम किए हैं। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि जनपद में अर्बन हीट एक्शन प्लान को सक्रिय कर दिया गया है, ताकि बढ़ते तापमान के प्रभाव को कम किया जा सके। बाइट.....

*42–43 डिग्री से ज्यादा जो है वो टेंपरेचर चल रहा है। उसके दृष्टिगत जो अर्बन हीट एक्शन प्लान है, उसको एक्टिवेट कर दिया गया है। उद्यालीयों में भी छुट्टियां कर दी गई हैं। और जो चौक–चौराहे हैं जहां पर ट्रैफिक लाइट है, जहां पर ट्रैफिक में लोगों को मोटरसाइकिलों पर वेट करना पड़ता है, वहां पर भी शेड के लिए ऊपर से कवर किया गया है।*

*वह अलग–अलग जगहों पर कोल्ड रूम्स बनाए गए हैं। जो सीएचसी, पीएचसी डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल है, वहां पर और कोई हीट स्ट्रोक का अगर पेशेंट आता है तो इमीडिएटली उसके लिए रिस्पॉन्ड किया जा सके। इसके लिए वहां ट्रेनिंग्स दी गई हैं।*

मौसम विभाग ने कल भी प्रदेश भर में लू को लेकर चेतावनी जारी की है। हालांकि हाथरस, मथुरा, मैनपुरी समेत पश्चिमी संभाग के जनपदों में आज रात बिजली गिरने और तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई है।

———————————

नौतपा की शुरूआत के साथ श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में भगवान श्री विश्वेश्वर का आज फलों के रस से विशेष अभिषेक किया गया। बाबा विश्वनाथ का अभिषेक गुलाब, लीची और आम के रस से संपन्न हुआ। मंदिर प्रशासन के अनुसार नौतपा के सभी नौ दिनों तक प्रतिदिन अलग–अलग प्रकार के फलों के रस से भगवान का अभिषेक किया जाएगा। मंदिर प्रशासन ने बताया कि इस विशेष अनुष्ठान का उद्देश्य भीषण गर्मी के दौरान भगवान विश्वनाथ को शीतलता अर्पित करना है।

(समाप्त)